PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

06-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**06th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 6 नवंबर 2019

## 1. मृदंगम की संगीतमय उत्कृष्टता पर विशेष आलेख जारी

- उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने **चेन्नई** में आयोजित एक समारोह के दौरान मृदंगम की संगीतमय उत्कृष्टता पर एक विशेष आलेख जारी किया।
- इसका उद्देश्य मृदंगम जैसी प्राचीन संगीत परंपराओं के मूल्यों और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और सुरक्षित करना है।
- साथ ही मृदंगम जैसी प्राचीन वाद्य यंत्र पर भविष्य में शोध को प्रोत्साहित करना है।

## 2. केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री ने गुरूनानक जी के निवास स्थल के दर्शन किये

- केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने गुरूनानक जी के निवास स्थल के दर्शन किये।
- जो कि पंजाब के सुलतानपुर लोधी में श्री बेर साहिब गुरूद्वारे में स्थित है।
- **गुरूनानक देव जी ने इसी स्थान पर कई वर्षों तक निवास किया और आत्म ज्ञान प्राप्त किया था।**
- बेर साहिब गुरूद्वारा एक ऐतिहासिक गुरूद्वारा है। इसके बेर के पेड़ को गुरूनानक देव जी के द्वारा बोया गया था।

## 3. जी–20 देशों के संसदीय वक्ताओं की 6वीं बैठक

- जी–20 देशों के संसदीय स्पीकर्स की 6वीं बैठक 3–5 नवंबर 2019 के बीच जापान की राजधानी **टोक्यो** में आयोजित हुई।
- भारत की ओर से **लोक सभा स्पीकर ओम बिड़ला** ने इस आयोजन में भाग लिया।
- इस वार्ता में आंतकवाद के मुद्दे पर गंभीर रूप से चिंता व्यक्त की गई।

## 4. भूमि बन्दरगाह प्राधिकरण के नये अध्यक्ष की नियुक्ति

- वरिष्ठ आई पी एस अधिकारी **आदित्य मिश्रा** की भूमि बन्दरगाह प्राधिकरण (Land Ports Authority of India) के नये अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की गई है।
- वे 1989 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आई पी एस अधिकारी हैं।
- उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से **5 साल** के लिए मान्य होगा।

## 5. राष्ट्रीय जलमार्ग–2 से मालवाहक पोत की पहली खेप रवाना

- हल्दिया गोदी परिसर से मालवाहक पोत की पहली खेप गोवाहाटी के पांडु में स्थित भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए रवाना।
- इस नये मार्ग से जहाजों के आवागमन का उद्देश्य कच्चा माल और तैयार वस्तुओं को लाने ले जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग खोलना है।
- साथ ही इसके द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के औद्योगिक विकास में तेजी आएगी।

## 6. एशियाई विकास बैंक (ADB) के द्वारा चेन्नई कन्याकुमारी औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए 451 मिलियन डॉलर का श्रृण

- हाल ही में तमिलनाडु में स्थित चेन्नई कन्याकुमारी औद्योगिक गलियारे में विद्युत कनेक्टिविटी के लिए भारत को एशियाई विकास बैंक के द्वारा 451 मिलियन डॉलर अर्थात् लगभग 3200 करोड़ रूपये के श्रृण की मंजूरी प्रदान की गई है।
- इसके अंतर्गत परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के साथ–साथ नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर भी बल दिया जाएगा।
- इस प्रोजैक्ट की कुल लागत 653.5 **मिलियन डॉलर** है।
- यह प्रोजैक्ट 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है।

## 7. ऑनलाईन ख़रीददारी–एक व्यसन विकार

- विश्व स्वास्थय संगठन के अनुसार **2024 तक ऑनलाईन ख़रीददारी एक व्यसन विकार** के रूप में सामने आयेगा।
- साल 2022 तक ऑनलाईन ख़रीददारी करने वालों की संख्या 10 प्रतिशत और बढ़ जाएगी।
- ऑनलाइन रिटेलर्स के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमता का प्रयोग ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए किया जाता है।
- इस कारण से समय के साथ कर्जदार और दिवालिया लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है।
- जो अन्ततः लोगों में आर्थिक संकट और अवसाद का एक कारण ही बनता है।

## 8. आर बी आई ने विदेशी बैंकों के लिए दिशा निर्देष जारी किये

- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में विदेशी, लघु वित्त, भुगतान बैंको और स्थानीय क्षेत्र के बैंको के पूर्णकालिक निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिए मुआवजे के दिशा निर्देश जारी किये हैं।
- आर बी आई के अनुसार अगर वैरिएबल पे, फिक्स्ड पे की 200 प्रतिशत तक है तो इसका कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा नॉन कैश में होना चाहिये।
- 200 प्रतिशत से अधिक वैरिएबल पे की स्थिति में इसका 67 प्रतिशत हिस्सा नॉन कैश उपकरणों के द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

## 9. कोलकाता के छात्रों का गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड

- कोलकाता के छात्रों द्वारा खगोल भौतिकी पर सबसे बड़े 45 मिनट के पाठ का गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है।
- साथ ही कोलकाता में आयोजित भारत के 5वें अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान समारोह के पहले दिन स्पैक्ट्रोस्कोपी पर महासभा भी की गई।

- इतना ही नहीं स्पैक्ट्रोस्कोपी और विर्वतन जैसे भौतिक विज्ञान के संकल्पनाओं को प्रयोगों के माध्यम से भी समझाया गया।
- इस समारोह में 1598 छात्रों ने हिस्सा लिया।
- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान समारोह की थीम है ***राइजन इंडिया– अर्थात् शोध, नवाचार और राष्ट्र कि विज्ञान को सशक्त बनाना।***

**10. भारतीय शूटर दीपक कुमार ने 14वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कास्य पदक जीता**

- 14 वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एअर राइफल इवेंट में भारतीय शूटर दीपक कुमार ने कास्य पदक हासिल किया है।
- इसी के साथ दीपक कुमार निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले 10वें भारतीय पुरूष बन गये हैं।

www.pendulumedu.com

Pendulum Edu

Read Daily Current Affairs 5 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 5 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile



www.pendulumedu.com